शिक्षित बनो संगठित रहो संघर्ष करो

# डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी राजस्थान

13-14, झालाना डूँगरी, जयपुर-302004 फोन : 0141-2711660, पंजीयन संख्या 290/80-81

E-mail :- dramdkr@gmail.com Website : www.dramdkrsociety.com

सोशल मीडिया से जुड़े
dr.amws
@DrAMWS2022
@bhimchannel22
डॉ. अम्बेडकर वेलफेयर सोसायटी

| जसवन्त सम्पतराम IPS (Retd.) | बनवारी लाल बैरवा | दयानन्द सक्करवाल | जी.एल. वर्मा |
|---|---|---|---|
| अध्यक्ष | वरिष्ठ उपाध्यक्ष | कोषाध्यक्ष | महासचिव |
| मो. 9414308305 | मो. 9001195384 | मो. 9634418411 | मो. 9829688869 |


क्रमांक: DrAMWS/2025/GS/2295 दिनांक : 23.12.2025

## सार्वजनिक सूचना

श्री बनवारी लाल बैरवा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, डॉ अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी राजस्थान, जयपुर द्वारा कभी अपने को अध्यक्ष, कभी कार्यवाहक अध्यक्ष, कभी निर्वाचित अध्यक्ष आदि बताते हुए डॉ अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी राजस्थान जयपुर के लेटर हेड में अनाधिकृत परिवर्तन करते हुए और अनाधिकृत कार्यो में उपयोग में विभिन्न प्रकार के पत्र जारी किए गए हैं।

श्री बनवारी लाल बैरवा ने यहां तक सोशल मीडिया में संदेश जारी किया कि श्री गणपत लाल वर्मा को डॉ अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी राजस्थान जयपुर की केंद्रीय कार्यसमिति के महासचिव पद से कार्यमुक्त कर दिया है और श्री भंवर मेघवंशी को महासचिव का अतिरिक्त कार्यभार संभलाया गया है।

**श्री बनवारी लाल बैरवा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने माननीय न्यायालय में वाद दायर किया था कि श्री जसवन्त सम्पतराम को अध्यक्ष पद पर कार्य करने से रोका जाए, परंतु माननीय न्यायालय ने इंटरीम एवं टी आई पर सुनवाई करके श्री बनवारी लाल की उपरोक्त दोनों याचिका को ख़ारिज़ कर दिया है और श्री जसवन्त सम्पतराम को डॉ अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी राजस्थान जयपुर के अध्यक्ष पद पर कार्य करने से नहीं रोका है।**

सोसायटी विधान अनुसार पत्राचार महासचिव के अधिकार एवं कर्तव्य में शामिल है, परंतु श्री बनवारी लाल बैरवा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं श्री दयानंद सक्करवाल, कोषाध्यक्ष द्वारा बार-बार पत्राचार करके सोसायटी विधान का उलंघन किया जा हैं।

श्री बनवारी लाल बैरवा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष और श्री दयानंद सक्करवाल, कोषाध्यक्ष द्वारा अवैधानिक पत्र क्रमांक Dr AMWS/86/2025 दिनांक 14.12.2025 द्वारा श्री गणपत लाल वर्मा, महासचिव पर सार्वजनिक रूप से आरोप लगाए हैं कि दिनांक 10.12.2025 एवं दिनांक 11.12.2025 को सोसायटी परिसर, झालाना डूंगरी, जयपुर में गणपत लाल वर्मा, महासचिव द्वारा डराने धमकाने और लड़ाई झगड़ा करने हेतु गुंडा तत्वों को बुलाया गया था।

मैं, गणपत लाल वर्मा, महासचिव, डॉ अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी राजस्थान, जयपुर इस पत्र के माध्यम से श्री बनवारी लाल बैरवा एवं श्री दयानंद सक्करवाल के उपरोक्त आरोपों का खंडन करता हूं और श्री बनवारी लाल बैरवा एवं श्री दयानंद सक्करवाल से उपरोक्त कृत्य के लिए सार्वजनिक रूप से माफ़ी मांगने की मांग करता हूं। अगर श्री बनवारी लाल बैरवा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं श्री दयानंद सक्करवाल, कोषाध्यक्ष द्वारा दिनांक 30.12.2025 तक उपरोक्त कृत्य के लिए माफ़ी नहीं मांगी जाती है तो उनके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

श्री बनवारी लाल बैरवा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष और श्री दयानंद सक्करवाल, कोषाध्यक्ष के अवैधानिक पत्र क्रमांक Dr AMWS/86/2025 दिनांक 14.12.2025 में शामिल अन्य बिंदुओं पर अलग से जवाब दिया जा रहा है।

(जी एल वर्मा)
महासचिव
9829688869

प्रति सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:

1. रजिस्ट्रार संस्थाएं, टोंक रोड, जयपुर
2. समस्त सोसायटी सदस्य (सोशल मीडिया, वेबसाइट एवं सूचना पट्ट द्वारा)।

महासचिव